**Need to expedite recruitment process for appointment to the posts of**

**Draughtsman and Barrack Store Supervisor in Military Engineering Services-Laid**

श्री राजीव राय **(**घोसी**) :** केंद्र सरकार द्वारा देश के युवाओं को दिए जाने वाले रोजगार की समग्र स्थिति अपने ऐतिहासिक निचले स्तर पर है । वास्तव में रोजगार से संबंधित सरकार द्वारा कुछ चौंकाने वाले निर्णय रिपोर्ट किए जा रहे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय हैं । वर्ष 2021 में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (रक्षा मंत्रालय) द्वारा बैरक स्टोर सुपरवाइजर एवं ड्राफ्ट्समैन पद की संयुक्त वैकेंसी आयी थी, जिसकी परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन का कार्य दिसंबर 2021 में पूर्ण हो गया था ।

आरटीआई के जवाब में यह बताया गया कि दस्तावेज सत्यापन के आठ सप्ताह के बाद नियुक्ति जारी कर दी जाएगी । किंतु हैरानी की बात यह है कि इस परीक्षा की सारी प्रक्रिया के विवाद रहित होते हुए भी दस्तावेज सत्यापन के तीन वर्ष छह माह से अधिक का समय बीत जाने के उपरांत आज तक नियुक्ति जारी नहीं की गई । यहाँ तक कि विभाग के द्वारा इस संबंध में आफिशियल वेबसाइट पर कोई सूचना भी जारी नहीं की गई । विभाग एवं मंत्रालय के इस रवैये से सभी अभ्यर्थी दिग्भ्रमित एवं अंधकारमय भविष्य को लेकर चिंतित एवं कुंठित हैं । अत: रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि यथोचित कार्रवाई करने का निर्देश जारी करें ताकि इन युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके ।